पाठ 4 आधुनिक विश्व II

कठिन शब्दार्थ

1. औद्योगिक क्रांति - हाथों द्वारा बनाई गई वस्तुओं के स्थान पर आधुनिक मशीनों के द्वारा व्यापक स्तर पर निर्माण करने की प्रक्रिया को औद्योगिक क्रांति कहा जाता है ।

2. असर - प्रभाव

3. समुदाय - दल, समूह

4. वाणिज्य - व्यापार

5. परिवहन - माल, यात्रियों आदि को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने का कार्य

6. नीति - व्यवहार का ढंग

7. हस्तक्षेप- दखल देना

8. निर्यात - कच्चा या निर्मित माल को देश से बाहर भेजने की क्रिया

9. आयात - कच्चा या निर्मित माल को देश में लाने की क्रिया

10. व्यापार - धंधा, काम, पेशा ।

11. करघे - कपड़े बुनने का यंत्र

12. लोकोमोटिव इंजन - रेल पर चलाने वाला वाहन जो पूरी रेलगाड़ी को खींचता है ।

13. साम्राज्यवाद - एक राष्ट्र का अन्य राष्ट्र को अपने अधीन कर अपना हित पूरा करने का सिद्धांत ।

14. उपनिवेशवाद - किसी समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र द्वारा अपने विभिन्न हितों को साधने के लिए किसी निर्मल राष्ट्र के विभिन्न संसाधनों का शक्ति के बल पर उपभोग करना ।

15. उत्थान - उठाना

16. नियंत्रण - काबू

17 प्रोत्साहित- जिसको बढ़ावा दिया गया हो ।

18. श्रमिक - काम करने वाला ।

19. उपनिवेश - वह जीता हुआ देश जिसमें विजेता राष्ट्र के लोग आकर बस गए हो ।

20. प्रतिद्वंदिता - मुकाबला

21. अविश्वास - शंका, संदेह ।

22. युद्धपोत - युद्ध में काम आने वाला जहाज

23. गठबंधन - गठजोड़ा

24 मतभेद - राय न मिलना

25. तानाशाही- अधिकारों को मनमाने ढंग से उपयोग करना ।